सार-समाचार

विशेष व्याख्यान का आयोजन

चूरू (निसं)। स्थानीय चूरू बालिका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में युवाओं के व्यक्तित्व विकास पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद प्रो. कमल सिंह कोठारी थे। इस अवसर पर कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना संवाद सहकारिता व सृजनात्मक का मंच है। इसकी गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रत्येक स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय हित की पहल करनी चाहिए। कर्तव्य, समर्पण, अनुशासन और सजकता के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भी उन्होंने प्रेरित किया। कोठारी ने शैक्षिणक गतिविधियों के साथ-साथ सह शैक्षिणक गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्य आशा कोठारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास का माध्यम बताते हुए छात्राओं को दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी कविता पंसारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य ग्यारसी स्वामी, प्रदीप सिंह और मो. हुसैन उपस्थित थे। दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं के व्यक्तिगत उत्थान व कला कौशल को उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताओं में स्वयंसेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में मनीषा चौहान ने प्रथम, कृतिका दाधीच ने द्वितीय तथा जानवी रक्षक व सुहाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में भूमिका जांगिड़, रिया लाटा ने प्रथम, खूशबू व कोमल ने द्वितीय तथा जानवी रक्षक, और माही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका ग्यारसी स्वामी ने निभाई। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया। छात्रा मानवी शर्मा, कृतिका दाधीच, चित्रा जांगिड़, हितेषिका पंसारी, राखी व्यास आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई।

सुशासन दिवस मनाया

पाटन (निसं)। कस्बे में स्थित राजकीय महाविद्यालय में भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात सुशासन की अवधारणा, पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनकल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए।इस अवसर पर प्राचार्य मदन लाल मीणा, एनएसएस प्रभारी किरण यादव, सहायक आचार्य ज्योति शर्मा एवं सरोज गुर्जर, तथा प्रयोगशाला सहायक डॉ. सीता मीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।वक्ताओं ने अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके सुशासन आधारित दृष्टिकोण से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने सुशासन के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

क्रिसमस-डे मनाया

झुंझुनूं, (निसं)। राजपूताना शिक्षा मंडल द्वारा संचालित शाह मार्केट स्थित जीबी मोदी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में तुलसी दिवस व क्रिसमस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई।

खेल से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़

- सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ
- 'स्टेडियम का नाम अटल जी के नाम पर होना चाहिए'

सीकर, (निसं)। सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन जिला स्टेडियम में गुरूवार हो हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ रहे व अध्यक्षता पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने की और भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड, विधायक गोरधन वर्मा व सुभाष मिल, हरिराण रणवां सहित जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा व एडीएम रतनलाल आदि मौजूद रहे। शुभारंभ मुख्य अतिथि मदन राठौड सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑन लाईन संपूर्ण भारत वर्ष में सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ियों से बात की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल में नाम करने का आव्हान किया। समापन समारोह में बोलते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ ने कहा कि जीवन में खेल बेहद जरूरी है। कहा कि खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। कहा कि खिलाड़ी कभी भी हारने के बाद निराश नहीं होता है बल्की वह फिर से जीतने के लिए मेहनत करता है। कहा आज के समय में युवाओं में सहनशीलता की कमी होती जा रही है जो खेल से ही दूर हो सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद खेल प्रतियोगिता से खेल को महत्व देने का काम किया है। खेल से शारीरिक क्षमता व दृढ़ता बढ़ती है।

कबड्डी के मैट के लिए की सांसद कोटे से 10 लाख रूपए देने घोषणा:- राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ ने पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के आग्रह पर जिला स्टेडियम में कबड्डी के मैदान में मैट के लिए 10 लाख रूपए सांसद कोटे से देने की घोषणा की।

पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल को महत्व देते हुए संपूर्ण भारत में सांसद खेल प्रतियोगिता आयोजित करवायी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज समापन पर देश के खिलाडिय़ों से बात करके उनकी हौंसला भी बढ़ाया है। कहा कि जिला खेल स्टेडियम का नाम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर होना चाहिए। इसके लिए वे प्रयास कर रहे हैं। कहा कि 25 सितंबर से शुरू हुई सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन 25 दिसंबर को हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में विजेता टीमों में कबड्डी व वॉलीबाल की विजेता टीम को 15 हजार व उपविजेता टीम को 11 हजार एवं रस्सा कस्सी की विजेता को 5100 व उपविजेता को 3100 रूपए दिए जाएंगे।

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने आए हुए अतिथियों व खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि खेल में सीकर का नाम हो हम सभी मिलकर यह प्रयास करेंगे। मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, करण सिंह, तेजप्रकाश सैनी, जितेंद्र सिंह कारंगा, ओमसिंह, प्रभुसिंह, श्रीहरि बियाणी, अनिता शर्मा, स्वदेश शर्मा, इंद्र शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, गुलाब धींवा, डॉ. बीएल रणवां, खेल अधिकारी प्रकाशराम गोदारा, कबड्डी कौच रतनसिंह, वॉलीबॉल कोच मो. अकरम पठान, राकेश नेहरा, शोभसिंह अनोखू, नीलम मिश्रा, जयदीप सिंह, सुरेश सैनी, जितेंद्र खीचड़, गजेंद्र चारण, सजन सैनी, भजनलाल रोलण, भजनलाल टेलर, भंवरी खोखर, नरेंद्र कौशिक, मनोहरलाल सैनी, नरेंद्र कौशिक, कविता चौधरी, कुमकुम माथुर, सुशील तोदी, अनुराधा, महावीर सैन, दिनेश भादवासी आदि मौजूद थे।

सार-समाचार

योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संदेश

रतनगढ़, (निसं)। राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित विकास रथ का गुरुवार को नगरपालिका रतनगढ़ प्रांगण में स्वागत एवं समापन किया गया। कार्यक्रम में सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने कहा कि सरकार की स्वर्णिम उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना और आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभान्वित करना विकास रथ का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. सहदेव चारण ने किया। इस अवसर पर लोक सेवकों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पार्षद अनिता महर्षि, शंभूदयाल लाटा, प्रहलाद राय भार्गव, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, शहर मंडल मंत्री हेमंत पवार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वरूप सिंह, सुरेश घारू, भूमि शाखा प्रभारी संजय बारी सहित शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

तुलसी दिवस पर कंबल वितरित

झुंझुनूं, (निसं)। श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के सर्दी में कोई न ठिठुरे अभियान के अंतर्गत झुंझुनूं निवासी सूरत प्रवासी मनीष कुमार एवं मुकेश कुमार बंका पुत्र पवन कुमार बंका के सौजन्य से श्री राणी सतीजी मंदिर के पीछे बसी झुग्गी झोपडियों के जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरण गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित, दिवाकर शर्मा, पूर्व पार्षद विजय कुमार सैनी एवं शिवरतन पंसारी उपस्थित थे। जिनका दुपट्टा ओढ़ाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सुनील तुलस्यान ने स्वागत अभिनंदन किया। विदित है कि सूरत प्रवासी पवन कुमार बंका परिवार की ओर से न केवल प्रतिवर्ष कंबल वितरण किया जाता है।

तुलसी पूजन दिवस मनाया

चूरू (निसं)। स्थानीय चमत्कारी बालाजी मंदिर में गीता क्लासेज की ओर से गुरुवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गीता क्लासेज के कार्यकर्ताओं और बच्चों द्वारा तुलसी और गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान बालाजी महाराज के भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि इस अवसर पर मोहित सिंघानिया, अनीता सिंघानिया, जनार्दन आचार्य, रक्षा आचार्य, अमित गुर्जर, ममता शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, संतोष शर्मा के अलावा सभी कार्यकर्ता चमत्कारी बालाजी टीम के सदस्य और बच्चे मौजूद थे।

ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता कल

तारानगर (निसं)। तारानगर क्षेत्र के गांव सारायण में नाथ समाज द्वारा 27 दिसम्बर शनिवार को ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ होने जा रहा है। जिसमें नाथ समाज के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। विजेता खिलाड़ियों को इनाम भी दिया जाएगा।

आयुष औषधीय उत्पादों की स्टॉलों का अवलोकन किया

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में गुरुवार को आयुर्वेद विभाग की ओर से संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का शुभारम्भ किया गया। मेले का उद्घाटन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने आयुष उत्पादों तथा औषधीय उत्पादों की स्टालों का अवलोकन किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड ने कहा कि आयुष आधारित चिकित्सा पद्धित भारत की प्राचीन एवं समृद्ध परंपरा का हिस्सा है, जो आज भी आमजन के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है। भारत की आयुष पद्धितयां हजारों वर्षों की वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक विरासत का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि आज जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में आयुर्वेद, योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आरोग्य मेले आमजन को प्राकृतिक चिकित्सा, संतुलित जीवन शैली एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। आमजन को प्राकृतिक एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धितयों से जोडने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करें।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा अपनाकर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। आरोग्य मेला आमजन को कम लागत में प्रभावी एवं सुरक्षित उपचार तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आयुष पद्धतियां न केवल रोगों के उपचार में सहायक हैं, बल्कि जीवनशैली से जुडी बीमारियों की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे स्वस्थ जीवन के लिए योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। पूर्व उपनिदेशक वैद्य रामावतार शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं)। महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोतर महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला एनएसएस प्रभारी डॉ. शशिप्रकाश अहलावत थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य पितराम गोदारा एवं संस्था सचिव डॉ. हनुमान प्रसाद थे।

अध्यक्षता महाविधालय के प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़ ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया। मुख्य अतिथि जिला एनएसएस प्रभारी डॉ. शशिप्रकाश अहलावत ने एनएसएस की राज्य स्तर पर चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया तथा स्वयसेविकाओं को इन योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़ ने सात दिवसीय एनएनएस शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की।

किसानों ने प्रदर्शन किया : तारानगर (निसं)। पानी की मांग को लेकर तारानगर क्षेत्र के कैलाश माइनर से जुड़े किसानों ने आईजीएनपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसानों ने नहर विभाग अधिकारियों का घेराव कर सरकार व नहर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

NAME CHANGE
I HAVE CHANGED MY NAME FROM RAMESH KUMR TO RAMESH KUMAR THEREFORE I WILL BE KNOWN OR DISTINGUISHED IN PUBLIC BY NEW NAME OF RAMESH KUMAR, V.P.O KHUDANIA JHUNJHUNU RAJASTHAN-333031

'वाजपेयी ने कभी अपनी सहजता और सरलता को नहीं छोड़ा'

चूरू, (कासं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर जनसंघ एवम् भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा की गई सेवाओं को याद किया।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा, नरेन्द्र सैनी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक साधारण कार्यकर्ता से प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे और उच्च पद पर रहते हुए उन्होंने कभी अपनी सहजता और सरलता को नहीं छोडा। उनमें नेसर्गिक प्रतिभा थी वे राजनीतिक समझ के लिए जाने जाते थे। उनमें एक असाधारण वक्ता की प्रतिभा थी, जब वे किसी भी विषय पर संसद में अपनी बात रखते थे वो पूरा विपक्ष उनकी बात को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुनता था। वे अजात शत्रु राजनेता थे। विघायक हरलाल सहारण ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हर कार्यकर्ता और देशवासी के दिल में अटल राज करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुशासन का पाठ अटल बिहारी वाजपेयी जैसे व्यक्तित्वों के जीवन से सीखा है।

राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत ने श्रद्धांजलि देते हुऐ कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक बड़े कद के नेता थे। उनके मन में मां भारती के प्रति प्रेम व सम्मान की भावना कुट कुट कर भरी थी। कार्यक्रम में बोलते हुए एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का शासन देश के स्वर्णिम युग की याद दिलाता है।